an>

Title: h Need to set up adequate number of Aadhar Enrolment Centres in Chitrakoot district in Banda Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : मेरे संसदीय क्षेत्र के चित्रकूट जनपद में आधार कार्ड बनाने का एग्रीमेन्ट जिस कम्पनी को दिया गया है उसने एक जगह केवल कर्वी मुख्यालय के पुराने बाजार में सेन्टर बना रखा है। वहीं पर पूरे जिले से लोग आकर 2 से 3 दिन तक लाइन लगाए खड़े रहते हैं। वहाँ भी केवल एक काउन्टर बना रखा है। जब काउन्टर बढ़ाने व अन्य तहसील मुख्यालय व ब्लॉक के कस्बों में सेन्टर खोलने को कहा जाता है तो जबाव मिलता है कि अनुमति नहीं है। लगभग सभी जगह आधार कार्ड लगने के कारण हर कोई इसे शीघ्रतिशीघ्र बनवाना चाह रहा है। जिलाधिकारी से बात करने पर जबाव मिलता है कि इस संबंध में दिल्ली कम्पनी से बात की गई है। अभी तक कई दिनों से कोई हल नहीं निकला है। जगह-जगह जाम लग रहे हैं। लोग आंदोलित हो रहे हैं। हालत विकट हैं।

इसलिए सरकार से मेरा आग्रह है कि अतिशीघ्र वहाँ पर पर्याप्त व्यवस्था करने हेतु हर ब्लॉक एवं तहसील मुख्यालय पर सेन्टर खोले जाएं, न्याय पंचायत स्तर पर शिविर लगवाए जाएं एवं मुख्यालय पर कई काउन्टर बढ़ाए जाएं जिससे लोगों को राहत मिल सके।